# चलती है गोगा तेरी दुनिया में | By Pooja Srivastava

चलती है गोगा तेरी दुनिया में, दुनिया में
तेरे नाम का यहाँ हैं बोलबाला
तेरी ज्योत सदा ही बाबा जलती है, जलती है
चलती है गोगा तेरी दुनिया में, दुनिया में

महिमा की तेरे बाबा होती बरसात
साफो का देव गोगा तू ही नाथो का नाथ
जो भी रख के भरोसा गोगा मेडी धाम आये
तेरे भक्तो में गोगा पहले उसका नाम आये
मेरे मन में समाये मेरे जाहरवीर जी
मेरे मन में समाये मेरे जाहरवीर जी
तेरे दर आके किस्मत बदलती है, बदलती है
तेरी ज्योत सदा ही बाबा जलती है, जलती है
चलती है गोगा तेरी दुनिया में, दुनिया में

दीन जनो के बाबा तुम हितकारी
गोगा पार लगा दो बाबा नाव हमारी
दिया जलता है गोगा तेरे नाम का दिल में
तेरे भगत पड़े न कभी देख मुश्किल में
मेरे होंठो पे तेरा नाम आये .....
मेरे होंठो पे तेरा नाम आये .....
तेरी भक्ति में दुनिया मचलती है
तेरी ज्योत सदा ही बाबा जलती है, जलती है
चलती है गोगा तेरी दुनिया में, दुनिया में
चलती है गोगा ..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ae/